Google के दिखाए जा रहे विज्ञापन
यह विज्ञापन देखना बंद करें
यह विज्ञापन क्यों?

ADVERTISEMENT

शिक्षा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईआईटी खड़गपुर में कें.वि.सं स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व छात्र एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन

खड़गपुर ब्यूरो : केंद्रीय विद्यालय आईआईटी खड़गपुर में केंद्रीय विद्यालय संगठन का 62 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ एवं प्रार्थना सभा में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की उपलब्धियों और अब तक के सफर पर प्रकाश डाला।

Buy RPi High Camera
Robu.in

1963 में 20 विद्यालयों से शुरु हुआ सफर आज 1256 विद्यालयों की श्रृंखला के रूप में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है, इस विशेष अवसर पर विद्यालय में **पूर्व छात्र एवं शिक्षक** सम्मेलन /Alumni meet का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश में अध्यनरत और अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत लगभग 100 पूर्व छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे, शाम 3:00 बजे विद्यालय प्रवेश द्वार पर सभी आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

यह सम्मेलन पूर्व विद्यार्थियों के लिए अति उल्लास और प्रसन्नता भरा रहा, इस प्रकार के कार्यक्रम सहयोग सद्भावना मैत्री का संदेश देते हैं कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी यादें और अपने शिक्षकों के अनेक प्रसंग प्रस्तुत किये।

प्रभारी प्राचार्या श्रीमती साथी मजूमदार ने अपने वक्तव्य द्वारा सभी का स्वागत किया और पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया। उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए पीएम श्री बनने के बाद विद्यालय में आए अनेक परिवर्तनों मे नई शिक्षा नीति के अंतर को एक आकर्षक वीडियो के माध्यम से दिखाया गया।

प्रिंसिपल श्रीमती रिकिशा भौमिक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकीं, लेकिन उनका प्रेरक संदेश एक वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों को स्कूल की उत्कृष्टता और सेवा के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम- प्रभारी श्री एन डी सामंत ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

60% OFF 71% OFF 50% OFF

*ताज़ा समाचार और रोचक जानकारियों के लिए आप हमारे **कोलकाता हिन्दी न्यूज चैनल पेज** को सब्स्क्राइब कर सकते हैं। एक्स (ट्विटर) पर @hindi_kolkata नाम से सर्च कर, फॉलो करें।*

This entry was posted in शिक्षा and tagged #Bengal, #Bengal News, #DigitalHindiNews, #Hindi News, #kharagpur, #Kharagpur Beuro, #Kharagpur News, #Social News, #Trending News, #कोलकाता हिन्दी न्यूज, #खड़गपुर, #खड़गपुर की खबरें, #बंगाल, #बंगाल की खबरें.

‹ खड़गपुर : छात्र - युवाओं ने दिखाया सामाजिक सरोकार

खरमास में क्यों बंद रहते हैं शादी-विवाह? जानें इस महीने में क्या करें और क्या नहीं ›

Leave a Reply

Your email address will not be published. Required fields are marked *

Comment *

Name *

Email *

Website

Save my name, email, and website in this browser for the next time I comment.

Please enter an answer in digits:

10 − four =

POST COMMENT

Kolkata Hindi News is Bengal's leading hindi news Portal that's brings you to the latest news, breaking news, daily news as well as the news about politics, literature, art, culture, entertainment, spirituality, business, technology, employment, agriculture, health, sports, fashion and knowledge science.

Contact Us: hindinewskolkata@gmai.com

Copyright 2024 © **Kolkata Hindi News, Online Hindi News Channel**